26 परियोजना प्रभावितों को 10 हजार की नौकरी

कोल वर्ल्ड

धनबाद | विशेष संवाददाता

बीसीसीएल के 26 परियोजना प्रभावितों को कौशल विकास प्रशिक्षण के बाद सीटीएम इंडिया लिमिटेड, चेन्नई में 10,400 की नौकरी मिली। इन्हें कोल इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम के तहत रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया गया है।

पूर्व निर्धारित काउंसिलिंग के आधार पर चयनित कुल 120 अभ्यार्थियों का नामांकन सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) हाजीपुर में हुआ। इन 120 प्रशिक्षणार्थियों में से पहले बैच के 26 को प्रशिक्षण खत्म होने के बाद सिपेट हाजीपुर कैंपस के सौजन्य से सीटीएम इंडिया लिमिटेड, चेन्नई में 19 अगस्त को ट्रेनी ऑपरेटर के पद पर नौकरी मिल गई। वेतन के साथ भोजन व नास्ता के लिए कैंटीन सुविधा और ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी सीटीएम इंडिया द्वारा दी जाएगी। शनिवार को सीटीएम इंडिया में बीसीसीएल के सीएसआर कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित व नौकरी पानेवाले उपर्युक्त सभी पैप्स व कंपनी कर्मचारियों के आश्रित युवक-युवतियों को बीसीसीएल के कार्मिक निदेशक ने कोयला भवन में संबोधित किया।

शनिवार को नौकरी पानेवाले युवा बीसीसीएल डीपी आरएस महापात्रा के साथ • हिन्दुस्तान

गैर माइनिंग संवर्ग के प्रमोशन के लिए चेयरमैन को चिट्ठी

धनबाद। कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन (सीएमओएआई) ने गैर माइनिंग संवर्ग के ई-6 अधिकारियों के प्रमोशन के लिए कोल इंडिया चेयरमैन को चिट्ठी लिखी है। माइनिंग संवर्ग के 388 अधिकारियों का अभी हाल में प्रमोशन हुआ है। सीएमओएआई ने चेयरमैन से आग्रह किया कि गैर माइनिंग के लिए भी डीपीसी का गठन हुआ था, जिसे स्थगित कर दिया है। माइनिंग कैडर की तरह गैर माइनिंग का भी प्रमोशन हो। यह जानकारी बीसीसीएल सीएमओएआई के महासचिव भवानी बंद्योपाध्याय ने दी।

कौशल विकास के साथ युवाओं की बेरोजगारी दूर करना लक्ष्य : डीपी

प्रशिक्षण प्राप्त 26 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

सिपेट हाजीपुर में बीसीसीएल सीएसआर के तहत प्रशिक्षण प्राप्त 26 अभ्यर्थियों को सीटीएम इंडिया लिमिटेड (चेन्नई) में ट्रेनी ऑपरेटर की नौकरी मिली है. चयनित सभी अभ्यर्थी को प्रति माह 10,400 रुपये वेतन के साथ-साथ भोजन और नास्ता के लिए कैंटीन सुविधा और ट्रांसपोर्ट की सुविधा भी दी जायेगी.

धनबाद. बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) आरएस महापात्रा ने कहा कि कोयला उत्पादन ही नहीं सीएसआर के तहत कंपनी के कमांड एरिया व परियोजना प्रभावित बेरोजगार युवक और युवतियों के कौशल विकास के साथ-साथ उनकी बेरोजगारी दूर करना भी कंपनी का लक्ष्य है. वह शनिवार को कंपनी मुख्यालय कोयला भवन में सेंट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) हाजीपुर में छह माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भविष्य में भी कंपनी अपने सीएसआर के तहत रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम के कार्य करेगी.